an>

Title: Need to include people belonging to Dhangar community of Maharashtra in the list of Scheduled Tribes.

श्री सदाशिव लोखंडे (शिर्डी) : देश में विशेषकर महाराष्ट्र राज्य में धनगर समाज को शैक्षणिक, आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति बहुत ही दयनीय है। इस समाज के लोग अत्यधिक पिछड़े हुए हैं। ये लोग गांव-गांव भटक कर अपना जीवन-यापन करते हैं। इस समाज के लोगों को अनुसूचित जनजाति की सूची में शामिल किए जाने हेतु विगत काफी समय से अनुरोध किया जा रहा है लेकिन अब तक इस संबंध में कोई प्रगति नहीं हुई है।

यह भी अवगत कराना है कि महाराष्ट्र राज्य का अहमदनगर जिला, जो मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत स्थित जिला है, में धनगर समाज के लोग बहुतायत संख्या में हैं। संसदीय क्षेत्र के भ्रमण के दौरान इस समाज के लोगों द्वारा धनगर जाति को अनुसूचित जनजाति की सूची में शामिल किए जाने की मांग की जाती है।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि वह धनगर जाति के शैक्षणिक, आर्थिक एवं सामाजिक उत्थान हेतु इस जाति को अनुसूचित जनजाति की सूची में शामिल किए जाने हेतु कारगर कदम उठाए जाएं ताकि धनगर समाज के लोग भी देश की मुख्यधारा से जुड़े सकें।